kids around the world

KIDStory™

बुनियादी प्रशिक्षण नियमावली

"तेरे कामों की प्रशंसा और तेरे पराक्रम के कामों का वर्णन, पीढ़ी पीढ़ी होता चला जाएगा"
भजन संहिता 145:4

विषय–सूची

पृष्ठ

बाल कहानी प्रशिक्षण निरीक्षण 4–5

सेशन 1
- स्वागत 6
- यीशु बच्चो को आशीष देते है 6–7

सेशन 2: बाईबल की कहानी क्या है/कहानी को सीखना
- विश्व्यपी 8
- बाईबल की कहानी क्या है? 8
- पाठ प्रारूप 9–10
- भिन्नता क्या है/बाईबल कहानी क्यों? 11
- कहानी सीखना 12–16

सेशन 3: कहानी बताना
- परमेश्वर का ढंग 17
- प्ररिदान 18–19
- हाव–भाव शीट 20

सौंपा गया होम वर्क 21

सेशन 4: प्रार्थना समय 22–23

सेशन 5: दोबारा कहानी बताएँ
- खेल 24
- कला, नाटक और संगीत 25

सेशन 6: खोई हुई मेमना 26

सेशन 7: प्रश्नों को खोजे और प्रतिउत्तर दें 27–31
- नमूना प्रश्न 29–30

सेशन 8: अंतिम सौंपा गया कार्य 32–33
- पाठ योजना शीट 33

सेशन 9: समाप्ति और अर्पण 34

परिशिष्ट 35

©Kids Around the World 2015

बाल कहानी प्रशिक्षण निरीक्षण

सेशन #1: स्वागत और यीशु बच्चों को आशीश देता है **पृष्ठ 6**

ज्युल / गहना

कहानी बोर्ड

गेंद

- – स्वागत
- – भागीदारों के लिए निर्देश और आरम्भ
- – कहानी का परिचय बताएँ
- – कहानी बोर्ड के साथ दोबारा बताएँ
- – खेल को दोबारा बताएँ
- – प्रश्न

सेशन #2: बाईबल की कहानी क्या है? **पृष्ठ 8**

वैलकरो

- – यस.यस बनाम कहानी बताने में भिन्नता
- – पाठ प्रारूप
- – कहानी बताना क्या है और क्यों
- – कहानी बताना और पानी पर चलना परिचय
- – कहानी सीखना
- – कहानी कौशलता

सेशन #3: कहानी सुनाना **पृष्ठ 17**

टाईमर

कपड़े

- – परमेश्वर की शैली
- – परिदान

सेशन #4: प्रार्थना समय **पृष्ठ 22**

सेशन #5: दोबारा कहानी को बताएँ **पृष्ठ 24**

टाईमर

रस्सी

कहानी की लाईनो की शीट

रंग

पोस्टर बोर्ड

प्ले डोह

पाईप क्लीनरस

कहानी बोर्ड कहानी

- – विषय का परिचय दें
- – रस्सी/खेल का प्रयोग
- – स्टोरीलाईन खेल
- – अभ्यास के लिए छोटे झुण्डों में बाँटे और भिन्न–भिन्न कहानी बताने के ढंगों का प्रयोग करें।
    - एक गीत लिखें
    - कहानी बोर्ड
    - कठपुतली
    - नाटक/अभिनय
    - पोस्टर
    - नृत्य/मूकाभिनय
    - पाईप क्लीनर/प्ले डोह
    - खेल

सेशन #6: खोया हुआ मेम्ना **पृष्ठ 26**

सेशन #7: प्रश्नों को खोजें और प्रतिउत्तर **पृष्ठ 27**

बीच बाल

- – सिर और दिल
- – प्रतिक्रिया; फोक्स

सेशन #8: अंतिम सौंपा गया कार्य **पृष्ठ 32**

समाप्ति और अर्पण **पृष्ठ 34**

सेशन #1
स्वागत और यीशु बच्चों को आशीष देता है

स्वागतः हम प्रत्येक का यहाँ बाल कहानी प्रशिक्षण में स्वागत करते है। अपने आप का परिचय दें और अगर समूह छोटा है, तो प्रत्येक को अपना परिचय देने दें और यह बताने दें कि वह क्यों प्रशिक्षण में आएं है। वह चाहता है कि प्रत्येक, बच्चे और बालक, व्यक्तिगत उसे जाने। कुछ ही पलों में मैं आपको एक कहानी बताने जा रहा हूँ पर इससे पहले कि मैं बताऊँ, मैं चाहता हूँ कि आप एक मित्र चुनें और उस समय के बारे में उसे बताएँ जब आप बच्चे थे तो आपने स्वागत नहीं किया या प्रेम नहीं किए गए महसूस किया था।

बच्चों को आशीष देने की यीशु की कहानी

आरम्भः भाग लेने वालों को जोड़ो में हो जाने दें और उस समय को बाँटने दे जब उन्होंने स्वागत या प्रेम नहीं किए गए महसूस किया था।

भाग लेने वालों के लिए **दिशा निर्देशों** को देखें (पृष्ठ 37) इस बात को प्रमुखता देते कि कैसे आप चाहते है कि लोग उनकी कल्पना का उपयोग करें और यह दिखावा करें कि वह वहीं पर है जब यह कहानी चल रही है। कौन और किसे वह देखते है? जो हो रहा है कहानी में लोग उसकी कैसे प्रतिक्रिया दें रहे है? क्या वह कुछ समझते है? क्या वह कुछ महसूस करते है? इसके साथ ही, आपकी इच्छा है कि हर कोई भाग ले (अगर आपके पास एक हीरा है, तो आप यह दृष्टान्त देने के लिए इसका प्रयोग कर सकते है कि कहानी में प्रत्येक का अनोखा दृष्टिकोण है जो इसे जीवित होने वाला बनाता है) हम जब हमारे दृष्टिकोण बाँटते है तो हम एक दूसरे से सीखेंगे। आओ हम आज की कहानी में बनें रहें और किसी और बाईबल की कहानी को जिसे हम जानते है उसको बीच में न लाएँ। अभी के लिए केवल सुनें और कल्पना करें–आपको साथ में आपकी बाईबल देखने की आवश्यक्ता नहीं है। अगर आप साथ लाएं है, तो इसे बंद कर सकते है।

परिचयः हम यीशु को सब किस्म के लोगों, यूवा और बुढ़ों के साथ एक समान, मिलते हुए देखते है। वह उन लोगों को मिलता है जिन्हें बेहद पसन्द किया जाता और कुछ उनके साथ भी जिनको ज्यादातर लोग नापन्सद करते है। यीशु लोगों को पीछे चलने के लिए चुनता है। इस कहानी को सुनें और देखें कि कैसे यीशु और उसके चेले एक निश्चित समूह के लोगो के साथ बर्ताव करते है। कहानी बाईबल से है और इसलिए हम जानते है कि यह सच्ची है। (अब आप अपनी बाईबल बन्द कर सकते और इसे एक तरफ रख सकते है जब आप कहानी को बताते है।)

कहानी को बताएँः मरकुस 10:13–16

एक दिन कुछ माता–पिता उनके बच्चों को यीशु के पास लाए ताकि वह उन्हें स्पर्श करें और उन्हें आशीष दें। पर शिष्यों ने माता–पिता को उन्हें परेशान करने के लिए डाँटा।

जब यीशु ने जो हो रहा था उसे देखा, तो वह उसके शिष्यों के साथ क्रोधित हुआ। "बच्चों को मेरे पास आने दो। उन्हें मत रोको! क्योंकि परमेश्वर का राज्य उन्हीं का है जो उन छोटे बच्चों के समान है। मैं तुम्हें सच कहता हूँ, कोई भी जो परमेश्वर के राज्य को एक बच्चे के समान ग्रहण नहीं करता इसमें प्रवेश नहीं कर पाएगा।" तब उसने बच्चों को उसकी गोद में लिया और उनके सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीष दी।

दोबारा बताएँः बालकहानी बोर्ड का प्रयोग करें या इस कहानी को दोबारा बताने के लिए एक खेल को करें

खोज प्रश्नः

- जब यह कहानी बताई जा रही थी तो आप ने कौन सी बात गौर की? किस भावना को इसने उत्पन्न किया?
- आपको कहानी के बारे में क्या पसन्द आया?
- क्या आप कहानी में बच्चों को देख सकते है? उनके चेहरों पर कैसे हाव–भाव है? शिष्यों के साथ होने पर उन्होंने कैसा महसूस किया? यीशु के साथ?
- मैं अचम्भा करता हूँ कि माता–पिता बच्चों को यीशु के पास लाने के द्वारा उससे क्या चाह रहे थे?
- माता–पिता ने क्या चुनाव किएः शिष्यों ने? यीशु ने? बच्चों ने? कौन से अन्य चुनाव वह कर सकते थे?
- कैसे यह कहानी परमेश्वर या यीशु के बारे में बताती है?
- आप समुदाय में अन्य लोग किन ढंगो में बच्चों के प्रति शिष्यों जैसा कार्य करते है? कलीसिया इस ढंग में उनके साथ कैसे बर्ताव करती है?
- किन ढंगो में हमारी कलीसियाएँ यीशु के पास बच्चों को आने से रोकती है?
- कैसे मैं बच्चों को यीशु के पास आने से रोकता हूँ?

प्रतिक्रिया प्रश्नः

- यह कहानी आपको बच्चों के प्रति परमेश्वर की राय के बारे में क्या बताती है?
- जो आज आपने सुना और देखा है उसके कारण परमेश्वर आपको किस लिए बुला रहा है?
- जो आप ने कहानी से और हमारी चर्चा में से सुना है उसके कारण आप क्या महसूस करते कि पवित्र आत्मा आप से कह रहा है?

सेशन #2
बाईबल कहानी क्या है?/कहानी सीखना

सेशन में भाग लेने वालों की उन भिन्नताओं को बाँटने देने के द्वारा आरम्भ करें जो उन्होंने देखी कि कैसे बाईबल कहानी ने पाठ को सिखाया बनाम कैसे एक प्राचीन संडे स्कूल में यह किया जाता है।

बाईबल की कहानी क्या है?

बाईबल कहानी बताना कहानी सुनानी से कुछ ज्यादा है? यह एक सीखने के वातावरण को उत्पन्न करना है जो आत्मा को लोगो के दिलों में कार्य करने की अनुमति देता है ताकि वह व्यक्तिगत परमेश्वर को जान सकें, उसके पीछे चलने का क्या अर्थ है इसे समझ सकें, उसके वचन को सीख सकें ताकि कहानी बार–बार बताई जा सकें। बाल कहानी आप जैसों को जो, बच्चों तक पहुँचना चाहते और यीशु मसीह के लिए उन्हें शिष्य बनाना चाहते वह प्रशिक्षण देना है। (परमेश्वर और उसके मार्गो को उसकी कहानी सुनाने के द्वारा साथ में आपसी सपर्क के अनुभवों और वार्तालाप के द्वारा जानना।)

विश्व्यापी

चाहे कि आप संसार में कहीं भी जाएँ, यहाँ पर कुछ बातें है जो प्रत्येक के साथ हर जगह सच है। चाहे कि आप किसी भी संस्कृति में है, यहँ पर कुछ विश्वव्यापी बातें है जो सभी लोगों के लिए सच होती है चाहे वह किसी भी उम्र के क्यों ना हो। आप देखेंगे कि कैसे यह बातें महत्वपूर्ण बन जाएँगी जब हम बच्चों को परमेश्वर का वचन सिखाते है। इन बातों में शामिल हैः

- **परिवार/संबंद**
- **संगीत**
- **खेल/मनोरंजक**
- **कला (कलाकारी, नाटक, नृत्य)**
- **कहानियाँ**

हम चाहते है कि परमेश्वर आपकी कहानी में सुन्दरता को लाए पर परमेश्वर के बिना हमारी कहानी आप के लिए बहुत छोटी है। और परमेश्वर को हमारी छोटी कहानी में सिकुड़ने के लिए कहें वह परमेश्वर के समय और आपके समय के योग्य नहीं है। पर अगर आप आपकी परमेश्वर की कहानी में कदम बढ़ाते है–आपके जीवन के लिए उसके वर्णन में कदम बढ़ाते है–आप एक महान वर्णन में कदम बढ़ाते है–आप एक महान कहानी में आएँगे एक कहानी जहाँ पर सुन्दरता सदैव दुखद घटना से आती है। एरविन मैकमुनस

पाठ प्रारूप

एक प्राचीन पाठ किस तरह दिखाई देता है? आओ हम देखें कि कैसे हमने यीशु की बच्चों को आशीष देने की कहानी बताई थी।

- **आरम्भः** यह लोगों का एक दूसरे के साथ शामिल होने और व्यकितगत कहानियाँ बताने के लिए आरम्भ का समय है। यह एक प्रश्न या क्रिया हो सकती है जो सीधा कहानी के साथ ना संबंधित हो पर उस दिशा में लोगों का रूझान आरम्भ करेंगे। मैं चाहता हूँ कि आप के पास जो व्यक्ति बैठा है उसे वह समय बताएँ जब आप ने बचपन में स्वागत या प्रेम ना किए गए महसूस किया था। तब यहाँ पर...

- **परिचयः** यह हर किसी को **परमेश्वर की कहानी के लिए तैयार** करना है। क्या यहाँ पर कोई पूर्व कहानी वाक्य है जो आप ने लोगो को कहानी के लिए तैयार करने के लिए सोचा हुआ है? क्या यहाँ पर कहानी के अच्छी तरह समझने के लिए कोई पृष्ठभूमि सूचना या पिछले कहानी से इस कहानी के बीच कोई परिवर्तन है? आज सुबह कहानी में मैंने आपको बताया कि चेले कौन थे और आपसे कहा कि सुनें कि कैसे यीशु और शिष्यों ने एक निश्चित लोगों के समूह के साथ बर्ताव किया था। अब समय है...

  अगर समूह को आरम्भ और परिचय के बीच में फर्क करने में मुश्किल होती है तो पृष्ठ 10 पर अभ्यास में जाएँ। वाक्य को पढ़ने के बाद, उनको यह बताने कि आवश्यक्ता है कि यह कौन सा है।

- **कहानी को बताएः** श्रोताओं को यह बताना कि कहानी बाईबल से है और यह सत्य है। लोगों को इस समय अपनी बाईबल बन्द रखनी चाहिए और कहानी और कहानी सुनाने वाले पर ध्यान केन्द्रित रखना चाहिए। तब आप पुनः कहानी को बताना चाह सकते है।

- **दोबारा बताएँः** यह महत्वपूर्ण है कि लोग किसी भी स्पष्टीकरण और बाईबल यर्थाथता के लिए दोबारा बताएँ। एक ढंग यह कि भाग लेने वाले उनकी बाईबलों को खोलें और पवित्र वचनों से कहानी को दोबारा पढ़ें। कोई कहानी पढ़ सकता है या अगुवा क्रमअनुसार प्रश्न पूछ सकता है जो प्रत्येक वचन को देखने द्वारा उत्तर दे सकता है। आप भाग लेने वालों को व्यस्त रखने के लिए व्यक्तिगत या एक समूह में अन्य क्रियाओं का भी उपयोग कर सकते है। बच्चों की आशीष देने की यीशु की कहानी में, हम ने फलैनल स्टोरीबोर्ड के साथ कहानी को दोबारा बताया था। आप एक गेम, एक गाना या कला सरगर्मी का प्रयोग अवश्य कर सकते है। आप हमारे साथ इन बातों में से कुछ का अनुभव करेंगे।

- **प्रश्न खोजे और प्रतिक्रिया देंः** प्रश्न पूछना और कहानी के विषय में बात करने के लिए उपस्थित रहना सीखने की प्रक्रिया में नाजुक है। हम एक कहानी को वास्तविक दिल के स्तर पर महसूस की बात किए बिना सिखाने के आदी है। एक अगुवे को समूह को तथ्यों को याद रखने से आगे परमेश्वर आपके जीवन और दिल में क्या कर रहा है, ले जाना चाहिए। इस प्रतिक्रिया में एक या दो प्रश्न होने चाहिए जहां आप के समूह के हर एक सदस्य से पवित्र आत्मा बात करें, के लिए की प्रार्थना कर रहे है। ज्यादातर पाठ्क्रम में एक लागू करने की प्रक्रिया है जिसकी तरफ पाठ ले जा रहा है। हम चाहते है कि आत्मा हरेक व्यक्ति को उस रूकावट के बारे बोले जो उनके लिए होगी। समूह के सदस्यों की अलग–अलग प्रतिक्रिया होना असामान्य नहीं होगा। यह अच्छा है। आने वाले सप्ताहों में पैरवी करके देखे कि कैसे हर एक व्यक्ति परमेश्वर की बात की आज्ञाकारी करता है।

आरम्भ बनाम परिचय विवरण

नीचे दिए अलग–अलग विवरणों को बेतरतीब पढ़े और हिस्सा लेने वाले आपको बताएँ कि विवरण एक आरम्भ है या एक परिचय।

आरम्भ	परिचय
• क्या आप कभी गुम हो चुके हो?	• यहूदी लोग सामरी को पसंद नहीं करते थे।
• किस समय आप ने सहायता के लिए किसी पर भरोसा किया था?	• दुष्टान्त एक कहानी है जो यीशु ने पाठ सिखाने के लिए बताया।
• वह कौन सी वस्तु है जिसके गुम हो जाने से वास्तव में आप दुखी होंगे?	• कोढ़ ऐसा रोग है जो आज चंगा हो सकता है। परन्तु जब यीशु पृथ्वी पर थे, लोग इस प्रकार के रोगी के पास जाने से डरते थे। यदि आप को होता तो आपको दूसरों से अलग रहना पड़ता।
• हमें वह समय बताएँ जब वास्तव में आप डरे थे।	• कहानी से पहले हम यीशु को 5000 को भोजन खिलाते पाते है।
• यदि आपको संसार में कहीं जाना पड़े, आप कहाँ जाएँगे	

इस में क्या अंतर है:

बाईबल कहानी बाईबल के साथ शुरू करें और पवित्र आत्मा को अनुमति दे कि वह अध्यापक हो। अगुवे का काम सहूलत देना है वह अध्यापक नहीं है। इसका क्या अर्थ है? हम...

- **खोजना और अनुभव बनाम व्याख्या करना:** अगुवा बाईबल में भाग लेने जाने वालों की सहायता करता है और कहानी में और भाग का क्या अर्थ है उसे सिखाने या व्याख्या के लिए नहीं है।
- **सहूलत देना बनाम सिखाना:** जो छोटे झुण्डो के अगुवें है उनके लिए यह कठिन हो सकता है। हरेक वस्तु बातचीत के होने और प्रश्नों के उत्तर के लिए कहानी में वापिस लाई जाती है।
- **सुनना बनाम बोलना:** एक अगुवा होते हुए, आप को पवित्र आत्मा और भाग लेने वालों की सुनने के स्थान पर होना चाहिए और उत्तर देने के लिए उतावले नहीं।
- **कहानी बनाम उपदेश:** कहानियाँ एक दूसरे को प्रभावित करती है जब कि उपदेश एक तरफ से वार्तालाप है।

बाईबल कहानियाँ क्यों?

हम बच्चों को सिखाने के लिए बाईबल कहानी का प्रयोग करते है।

- संसार में 2/3 लोग पढ़ते नहीं है। वह कहानियों के माध्यम से सीखते है
- यीशु ने हमेश कहानियों/दृष्टान्तों में सिखाया है (मत्ती 13:34)।
- 75: से ज़्यादा बाईबल कहानियों में लिखी गई है
- परमेश्वर का वचन मेरे वचनों से ज्यादा सामर्थी है।
- परमेश्वर का वचन पवित्र आत्मा के द्वारा लोगो के जीवनों को बदलता है।
- सारे संसार के लोग कहानियाँ पसंद करते है। आप इसका प्रयोग कहीं भी किसी के साथ भी कर सकते है।
- लोग परमेश्वर का वचन जान रहे है और उसके साथ ज्यादा सुनिश्चित हो रहे है।
- बच्चें दूसरों को जो उसे जान नहीं सकते परमेश्वर की कहानी बता सकते है।

यीशु और पतरस की पानी पर चलने की कहानी (मत्ती 14:22–33)

आओं मिलकर एक पाठ की तैयारी करें: **हिस्सा लेने वाले लोगों को 3–4 समूहों में बाँट लें। इन समूहों में मत्ती 14:22–33 से यीशु और पतरस की पानी पर चलने वाली कहानी पढ़ने को कहें। अपने समूहों में जाने से पहले ज़रूर उनको कहानी सुनाए।**

इसे पढ़ने के बाद, उन्हें परिचय और एक आरम्भ के साथ आने दे।

कहानी को सीखना

अब कहानी सीखने का समय है। ध्यान दे, यह कहानी सुनाने के लिए है, केवल वास्तविक्ता याद रखने के लिए नहीं है। जब आप घर वापस आते है और लोगों को अपना अनुभव बताते है क्या आप वह सब कुछ जो बताना चाहते है उसे सोच और याद कर रहें हैं? नहीं! आप उन लोगों और घटनाओं को याद कर रहें है जिन्होने आप पर प्रभाव डाला है। परमेश्वर की कहानी में यह क्यों अलग होगा? हम उसकी कहानियाँ उत्सुकता और भावपूर्ण ढंग से अपने सुनने वालो को सुनाना चाहते है। हम बच्चों को कहानी में केवल इस लिए ही नहीं लाते कि वह परमेश्वर को देखें कि वह काम कैसे करता है, परन्तु हम चाहते है कि वह दूसरों को भी बताने के योग्य हो जाएँ।

पहले हमें अपने आप को तैयार करने की ज़रूरत है...

अपने दिल को तैयार करे

क्या आपका दिल पवित्र आत्मा की सुनने और प्रतिक्रिया देने की अवस्था में है? यदि नहीं तो इसके लिए क्या लेना होगा?

- **प्रार्थनाः** क्या आप परमेश्वर को बात करने की अनुमति देते है जैसे आप उससे बात करते है?

- **कहानी को पढ़ेः** यदि संभव हो तो आप कहानी को अलग–अलग अनुवाद में पढ़ना चाहेंगे। परमेश्वर आप को क्या प्रगट कर रहा है? कहानी में आप किस से संबधित है? याद रखें, पवित्र आत्मा यहीं आपको दिखा रहा है जब आप अपने दिल को तैयार करते है। पवित्र आत्मा समूह के लोगों को जिनको आप कहानी सुना रहे है अलग रीति से बोल सकता है।

- **स्वरूपः** जो वचन सिखाना है उसके बारे में सोचे। आत्मा आप पर क्या प्रगट कर रहा है? भाग लेने वालों को क्या सुनना और सीखना है? वहाँ होने की कल्पना करें–आप क्या सुनने, सुंघते और देखते यह किस तरह का महसूस होता है? अलग चरित्र कौन है और प्ररिस्थिति पर उसका क्या स्वरूप है? परमेश्वर का क्या स्वरूप है? कौन? क्या? कब? कहाँ? कैसे? इस प्रकार के प्रश्नों के उत्तर दे। शरीरिक रूप से अपने आपको वहाँ रखे और तीसरे स्थान के व्यक्ति के रूप में कहानी बताएँ।

कहानी के टुकड़े करें

तो कौन से कुछ ढंग है जो आपको कहानी याद रखने में सहायता करेंगे? यह अच्छा है यदि इसके 4 या ज़्यादा से ज़्यादा 5, "अध्ययों" या दृश्यों में टुकड़े कर दे। जैसे आप हर दृश्य या प्ररिस्थिती को मन में बिठाते है, फिर आप कहानी के विवरण को भर सकते है।

यह **महत्वपूर्ण** है आप कहानी को जैसे बाईबल में है वैसे ही बताएँ। इसे बाईबल के आधार पर स्पष्ट होना चाहिए। इसका अर्थ हमें अपने शब्द या व्याख्या को कहानी में शामिल नहीं करना है। इसे यादगार बनाए ताकि श्रोतागण कहानी में जुड़ जाएँ, परन्तु इसे परमेश्वर के वचन की सच्चाई पर बनाए रखें हमारे अपने पर नही। अंत में, हम चाहते है कि हर एक इसे अच्छे ढंग से सीख जाए ताकि वह दोबारा किसी दूसरे को सुना सकें।

कहानी को सीखने के कुछ मार्ग है। कहानी को सीखने का कोई सही या गलत मार्ग नहीं है। आप उसी मार्ग को खोजे जो आप के लिए उत्तम कार्यकरता है।

- **पढ़े और बताएः** कहानी को पढ़े, अपनी बाईबल बंद करे और ऊँची आवाज में कहानी सुनाएँ। कहानी को पढ़े और देखें कि आप कितने स्पष्ट थे! इसे कई बार करें।
- **घटानाओं की सूची बनाए**
- **माईडमैपस्** (पृष्ठ 14)
- **कहानी रेखा चित्र** (पृष्ठ 15)
- **कमरे के सही स्थानः** कमरे में चारों ओर घूमकर बाईबल के पात्र या अलग–अलग दृश्यों की गतिविधियों का वर्णन करें। दृश्य में अपने को भौतिक स्थान पर रखकर इसे बताएँ।
- **हाथ का संकेतः** अपने हाथों से संसार गोल है दिखाएँ।
- **मुख्य शब्दः** हर एक भाग या दृश्य के लिए
- **दिखानाः** यू–ट्यूब वीडीयों, खुला स्टोरीबोर्ड, बच्चों की कहानी की किताबे, मैगज़ीन

यह केवल कहानी के शब्दों तक नहीं है। परन्तु इसके इलावा आपके दिमाग में बनी तस्वीरों के द्वारा कहानी बताएँ यह काम करती है।

एक प्रशिक्षक वाले के रूप में, आप उस माध्यम को जिसमे आपको कहानी अच्छे तरीके से याद रह सके चुन सकेंगे। जिन को आप सिखाएगें उनकी सहायता करना महत्वपूर्ण है कि वह साधनों का प्रयोग अच्छे के लिए करें और उत्साहित करें कि जितनी वह अगुवाई कर रहे है उन्हें बताएँ। उन साधनों के देखना भी महत्वपूर्ण है जिनको आप कहानी बताने के लिए प्रयोग कर रहें है, यह जानते हुए कि कुछ आप के लिए और आरामदायक और आसान होंगे। हिस्सा लेने वालों को अनुमति दे कि वह उन साधनों को खोजे जो उनके लिए अच्छे है। यह भी सत्य है कि आपने बच्चो को कैसे दोबारा कहानी बताई है। अलग–अलग नियमों को प्रयोग करके बच्चों को सीखने के अलग–अलग ढंग सिखाना याद रखे।


कहानी

कहानी रेखाचित्र बनाना

बाईबल की कहानी _____

बाईबल का वचन _____



कहानी को शिल्प कला में बनाना

किसी वस्तु को लेकर उसे योग्य और अर्थपूर्ण बनाना शिल्प कला है। यह विस्तार विवरण को ध्यान में रखकर कुशलता से होता है। जब हम बाईबल की कहानी में एक कहानी को क्राफ्ट बनाते है, तो आयत को केवल याद ही नहीं किया जाता परन्तु नीचे दी बातों को ध्यान में रखकर बताई जाती हैः

- **ज्ञान के साथः** बाईबल के लेखकों ने इसे सुनने वाले लोग जिस संस्कृति में है उसे ध्यान में रखकर बताया और लिखा है। उदः भले सामरी के दृष्टान्त में, यहूदी सामरीयों को पंसद नहीं करते के बारे सब जानते है। वह जानते थे परन्तु हम नहीं। परिचय में इस जानकारी को बताने की आवश्यकता हो सकती है। सदि संभव हो, दूसरे हवालों का इस्तेमाल अपनी बात का समर्थन करें।

- **आयु अनुकूलताः** क्या कहानी में कुछ ऐसे शब्द या संकल्प है जिन्हें बच्चे बिना उदाहरण के नहीं समझेंगे? उसकी जगह एक शब्द रखना बढ़िया होगा जो बच्चें समझ लेंगे परन्तु कहानी स्पष्ट बाईबल अधारित रखें या इसे परिचय में बताएँ।

- **क्या आवश्यक नहीं हो सकताः** कुछ विवरण कहानी को दलदल में गिरा देते है और लोगों के जानने के लिए जो महत्वपूर्ण है उसे वो खो देंगे। एक कहानी में उदाहरणों के नाम, गिनती और स्थान वह याद रखना मुश्किल नहीं है परन्तु हिस्सा लेने वालों का ध्यान हट जाएगा।

- **आरम्भ और समाप्ति का विवरणः** चित्र के पीछे के दृश्य की क्या जानकारी चाहिएः क्या पिछली कहानियों से एक परिवर्तन चाहिए?

- **संस्कृति असन्तोषः** कहानी में उन चीज़ों का ध्यान रखे जो हिस्सा लेने वालों को नाराज़ कर सकती है। (यीशु अकेला कुएँ पर स्त्री के साथ)।

हरेक व्यक्ति कहानी को सीखने के लिए 10 मिनट काम करें। उनको दो–दो या छोटे झुण्डों में जानकारी प्राप्त करने दे ताकि हर एक को कहानी बताने का मौका मिले। कहानी को आनन्द से बताने के महत्व पर ज़ोर दे और यह नहीं कि शब्द दर शब्द सही बताई जाती है।

सेशन #3
कहानी बताना

परमेश्वर का ढंग

आओ कहानी को बताने के ढंग में कुछ चीजे जोड़कर जीवित बताए और बच्चों को बाईबल कहानी में लाएँ। याद रखें जो बाईबल कहती है हम उस स्पष्टता में बने रहें और अपने आप से कुछ ना जोड़े। आए पहले कुछ सिद्धान्तों को देखें जिनमें परमेश्वर ने अपनी कहानियाँ कैसे बताई है। उसने इन्हें रचा इसलिए वह....

- **यादगार:** परमेश्वर इस ढंग से अपना वचन बताता है ताकि आप भूल न जाएँ; वह हमें कहानी के अनुभव की अनुमति देते है। कुछ उदाहरणः इन्द्र धनुष जिसे बाढ़ के बाद परमेश्वर ने आसमान में रख दिया और थोमा का यीशु के हाथो में छेदों को देखना।

- **अनपेक्षित:** कई बार संदेश **अनपेक्षित** ढंग में आता है। कुछ उदाहरणें: बालाम और गधी, मूसा और जलती हुई झाड़ी, शाऊल का अन्धा हो जाना, बाईबल में अलग–अलग चंगाईया (नामान, लंगड़ा और अंधा व्यक्ति) जहाँ हम इकट्ठे होते है उस स्थान के अनुसार हम वातावरण को बदल सकते है जैसे बैठने का इंतज़ार या रोशनी/अंधकार के साथ दुश्य बनाना।

- **बहु–संवेदक:** अपनी कहानी को यादगार बनाने के लिए परमेश्वर ने विवेक बुद्धि का प्रयोग किया है; हम जितना ज्यादा विवेक बुद्धि और क्रियाओं का प्रयोग करते है, उतना ज़्यादा हमें याद रखना है।

    - **दिखाना:** हम विशेषकर देखने वाले लोग है और इसलिए इन चीज़ों का होना सहायक होगा जिनसे लोग कहानी को देख सकते है।

        - **उद्देश्य:**

हर एक झुण्ड को अलग–अलग संरचना दे और यह किस प्रकार यीशु और पतरस के पानी पर चलने की कहानी में प्रयोग की जा सकती है उन्हें रूप देने दीजिए।

- **किडस स्टोरी बोर्ड** (हम इसके बारे में बाद में बात करेंगे)

- **वस्त्र**

- **छूना:** उदाहरणः पास रखने वाली वस्तुए या दूसरों को आगे देने वाली, बच्चों पर पानी के छीटे मारना।
- **सुनना:** उदाहरणः ध्वनि प्रभाव; वर्षा की अवाज बनाने के लिए हाथ रगड़ना।
- **सूंघना:** उदाहरणः धूप जलाना, मछली दिखाने के लिए परन्तु महक भी।
- **चखना:** उदाहरणः चखने के लिए भोजन (मन्ना)

- **इसे जीएँ:** यीशु इसे अपने चेलों के साथ जिया उसने केवल उन्हें सिखाया नहीं परन्तु वह उनके लिए नमूना बना। उसने अपने को ऊँचा नहीं किया परन्तु उनकी सेवा की है। हम कैसे कर सकते है? बहुत बार केवल हमारी क्रियाएँ और स्वभाव बच्चों को यह समझने में सहायता करेगा कि यीशु कौन था और बाईबल की कहानियों में उसने लोगो को कैसा जवाब दिया।

लोगों के साथ उनके छोटे झुण्डों में, उनको 3 मिनट दें जो बाईबल की बहुत सारी कहानियों जितनी उनसे हो सकती है के साथ आएँ जो भिन्न विवेक बुद्धि से प्रयोग की जा सकती है।

कहानी को बताने के भिन्न तरीके

- **पहला व्यक्तिः** जैसे आप कहानी के पातरों में एक थे।
- **तीसरा व्यक्तिः** जैसे कहानी बताने वाला
- **कला सामर्गी:** पेपर, रंग, मार्कर
- **वस्तुएँ:** कपड़े, स्प्रे बोतल
- **नाटक**
- **हाथ की गति**
- **श्रोतागणों की भागीदारी**
- **जब दूसरा व्यक्ति इसको करके दिखाए तो कोई कहानी को पढ़े**

परिदानः

- **हलचलः** अपनी कुर्सी पर चिपके न रहे। चारों तरफ घूमना ठीक है खासकर यदि कहानी एक स्थान से दूसरे में घूमती है।

- **चेहरे के हाव–भावः** आपके चेहरे के हाव–भाव कहानी को विश्वास योग्य बनाते है; यदि आपके चेहरे के हाव–भाव है तो आपको ज्यादा करने की आवश्यक्ता नहीं है। **हिस्सा लेने वालों को अपने साथी की ओर मुड़ेने दे। चेहरे के हाव–भाव का प्रयोग करके अगले पृष्ठ पर जाए, एक व्यक्ति चेहरे की 5 हाव–भावों को ले जो दूसरे को बनाने की आवश्यक्ता है। फिर दूसरे को इसे करने दे। एक व्यक्ति चेहरे पर हाव–भाव बनाए और दूसरा अंदाजा लगाए कि यह क्या है।**

- **श्रोतागणों की हिस्सेदारीः** कई बार कुछ बच्चों को या सब बच्चों को कहानी सुनाने में शामिल करने में आनन्द आता है। यह उनके साथ हो सकता है।

    - **शब्दों/मुहावरों का दुबारा घटित होना जिसकों हिस्सा लेने वाला बोल या उत्तर दे सकें।**
    - **हाथ और शरीर की गति**
    - **ध्वनि प्रभाव**
    - **गीत**
    - **क्रियाशील हिस्सेदारीः** सारी कहानी या कहानी के भिन्न भागों को करके दिखाए।

- **आवाज़ः** आवाज़ कहानी को जीवित बनाती है। एक कक्षा या झुण्ड में क्या उबाऊ होता है–#1 उत्तर है एक स्वर आवाज। इनका प्रदर्शन करें:

    - **उच्चारण के लिए प्रयोग किए जाने वाले चिन्ह**

    - **स्वर**

    - **विरामः** यह कहानी और वार्तालाप में बहुत प्रभावशाली हो सकते है। खामोशी से मत डरो। यह पवित्र आत्मा को शांति/खोमोशी में कार्य करने की अनुमति देती है जो कहानी और कठिन परिस्थिति में दिमाग से दिल में जाने में सहायता करती है।

    - **गतिक्रमः** उस गतिक्रम में बात करे जो बच्चों को कहानी की पंक्तियों के अनुसार करने में आसान हो।

दो–दो या छोटे झुण्ड बनाए और हर एक व्यक्ति यीशु और पतरस की पानी के ऊपर चलने वाली कहानी सुनाएँ, परन्तु इस बार कहानी बताने की कुछ तकनीक जोड़कर। यह आवश्यक है कि जो बाईबल कहती है लोग सत्य में बने रहे अपने विचारों या तात्पर्य को मत जोड़े।

एक व्यक्ति को ले जो अवकाश से पहले और बाद कहानी को बताएँ।

भरोसा



घबराया हुआ



दोशपूर्ण



आनंद



निराष



दुखी



आष से भरा



संपूर्ण



शरारती



डरा हुआ



क्रोधी



अकेला



प्रेम में

व्याकुल



ईश्यालू

सौंपा गया होम वर्क

यह एक करने वाला काम है जिसे कि अगले शिक्षा के सैशन में पूरा करने की आवश्यक्ता है। लूका 15:1–7 में खोई हुई भेड़ की कहानी पढ़े। यह बहुत बार विभिन्न अनुवादों में पढ़ी जानी चाहिए। यदि संभव हो तो कार्यशाला में आने से पहले किसी को कहानी बताने की कोशिश करें।

बाईबल की कहानी खोई हुई भेड़ की उदाहरण (लूका 15:1–7)

चुंगी लेने वाले और पापी, यीशु की सुनने के लिए उसके चारों ओर इकट्ठा थे। तब फरीसी और मूसा की व्यवस्था के सिखाने वालों ने कुड़कुड़ाना शुरू कर दिया कि, "यह मनुष्य पापियों का मित्र है, यह उनके साथ खाता है।"

फिर यीशु ने उनको यह कहानी बताईः

यदि तुम में से किसी के पास सौ भेड़े है और उनमें से एक खो जाए तो तुम क्या करोंगे? क्या तुम निन्यानवे को जंगल में छोड़कर उस खोई हुई को जब तक मिल न जाए ना खोजोगे? और जब मिल जाती है, तब बड़े आनन्द से उसे कंधे पर उठा कर तुम घर लेकर आओगे। फिर तुम अपने मित्रों और पड़ोसियों को बुलाकर कहोगे, "मेरे साथ आनन्द मनाओं! मेरी खोई हुई भेड़ मिल गई है।"

यीशु ने कहा, "इसी रीति से एक मन फिराने वाले पापी के विषय में भी स्वर्ग में इतना ही आनन्द होगा। जितना कि निन्यानवें ऐसे धर्मियों के विषय में नहीं होता, जिन्हें मन फिराने की आवश्यक्ता नहीं।"

कहानी बताएः आप किस बढ़िया ढंग से इस कहानी को याद रखोगे? कहानी सुनाने का कौन सा अभ्यास इसमें जोड़ेगे जिसमें कहानी जीवित रहे और बच्चों को कहानी में लेकर आए?

सेशन #4
भक्तिमयः इसे यीशु की तरह करे मरकुस 6:7–13

भाग लेने वालों को अभिनंदन करे और यदि समय हो तो कल के अनुभव से कुछ फीडबैक लें। अपने दिन के आरम्भ से पहले, में चाहता हूँ कि आपके साथ एक ओर कहानी करूं और यीशु के सेवक होते हुए हम वह देखे जो यीशु हमसे चाहता है।

आरम्भः (अपने साथी की ओर मुड़े और सुनाए)

एक समय जब परमेश्वर ने आपका शक्तिशाली ढंग के साथ इस्तेमाल किया।

या

एक समय जब आप निराश थे क्योंकि आप कुछ करना चाहते थे परन्तु वह सब उपकरण जो आपने सोचे थे और जो आवश्यक थे, आप के पास नहीं थे।

परिचयः

यीशु पूरे देश में चंगाई और शिक्षा देने का काम कर रहा है। वह अपने शहर नासरत को वापस आता है और पाता है कि लोग उसे परमेश्वर का पुत्र करके कम विश्वास करते है। इसके कारण वह वहाँ पर उसमें थोड़े से बीमारों को चंगा कर सका। यही से हम अपनी कहानी मरकुस की पुस्तक से आरम्भ करेंगे।

कहानी बताएँः

यीशु ने अपने बारह चेलों को अपने पास इकट्ठे बुलाया उन्हें दो–दो करके भेजने लगा। उसने उन्हे अशुद्ध आत्माओं निकालने और बैरी से निपटने की शक्ति और अधिकार दिया। यह आज्ञाएँ यीशु ने उन्हें दी थीः अपने साथ कुछ न लेना–न फालतू रोटी, न कपड़े या पैसा। तुम अपने साथ मार्ग के लिए लाठी, पांव में जूते और जो कपड़ा पहला है, ले सकते हो।

“जहाँ कहीं तुम जाओ,” यीशु ने कहा, “नगर को छोड़ने तक उसी घर में ठहरो। यदि किसी स्थान के लोग तुम्हें ग्रहण न करें और तुम्हारी न सुने, वहाँ से चलते ही अपनी पांवों की धूड़ झाड़ डालों कि उन पर गवाही हो।”

तो चेले ने बाहर जाकर प्रचार किया कि उनके पापों से मन फिराओ। यदि वह परमेश्वर की ओर फिरों तो उनका जीवन भिन्न हो सकेगा। और उन्होंने बहुत सी दुष्टआत्माओं को निकाला और बहुत से बीमारों को जैतुन का तेल मलकर चंगा किया।

दोबारा बताएँ:

"विरूम" गतिविधी करने के लिए रस्सी/तार ले और जब रस्सी आगे सौंपी जाए और आप को रूको बोलना है, तब वह व्यक्ति जिसने सिरा पकड़ा है, वह कहानी का अगला हिस्सा बताएँ।

खोज प्रश्न:

- आपको कहानी में क्या पसंद आया?
- क्या कहानी में कुछ ऐसा था जो आपने पहले कभी नहीं सुना?
- चेले को क्या नहीं ले जाने की अनुमति नहीं थी?
- उनके पास क्या था?
- जो कहानी में हुआ किस बात से आप हैरान किया?
- आप किस पर निर्भर हो/सोचते हो कि आपके पास हो अगर आपको परमेश्वर का काम करना है?
- यह कहानी कैसे आपको खींचती है कि कैसे परमेश्वर आपको अपनी सेवकाई के लिए चाहता है?

जवाब देने वाले प्रश्न:

- जब आपने इस कहानी को सुना है, तो पवित्र आत्मा आपसे क्या कह रहा है?
- किस क्षेत्र में परमेश्वर चाहता है कि आप अपने पर नही उस पर निर्भर हो?

सेशन #5
दोबारा कहानी बताएँ

यह आवश्यक है कि लोग अब बाईबल की स्पष्टता और सफाई के लिए कहानी को फिर बताएँ। एक मार्ग यह है कि यदि हिस्सा लेने वालों के पास बाईबल है तो उन्हें इसे खोलकर फिर कहानी पढ़ने के लिए बोलें। कोई भी कहानी पढ़ सकता है या अगुवा सिलसिलेवार प्रश्न पूछे जिस में हर कोई वचन देखकर उत्तर दे। यह बच्चों का ध्यान कहानी में लाने में समूहिक क्रियाओं में सहायक हो सकता है। यह कहानी याद रखने में भी उनकी सहायता करेगा ताकि वह दूसरों को बता सकते है।

किसे याद है कि क्या विश्वव्यापी है जो हर एक संस्कृति में उत्पन्न होता है? (अपनी वस्तुए खेल–कूद, संगीत कक्षाएँ और कहानियाँ) हम फिर से बताने में इनका प्रयोग कर सकते है। विशेषकर बच्चों के लिए खेलकूद उनकी सहायता करता है कि वह उस पर ध्यान दे जो आप कर रहे है। जो वस्तुए आसानी से हमें मिल जाती है उनके साथ हम साधारण **खेल** खेलेंगे।

एक खेल समूह के लिए चुनें उसमें यीशु और पतरस का पानी पर चलना कहानी को बताएँ। फिर हर एक समूह को विश्वव्यापी स्तर से भिन्न क्रियाएँ करने को दे। समूहों को समाप्ति पर ध्यान देने के लिए काफी समय दें।

खेल

- **बीच बाल (गेंद):** एक पक्के मार्कर के साथ बीच बाल पर किसी बाईबल कहानी के मुख्य प्रश्न लिखे जा सकते है। जहाँ कहीं बच्चा गेंद पकड़ता है तो उसक आवश्यक्ता अनुसार उत्तर देना पड़ेगा। पृष्ठ 29 पर मिलने वाले मुख्य प्रश्न ही आप प्रयोग करें।
- **घेरे में गेंद उछालना:** एक गेंद या कोई नरम वस्तु को छोटे झुण्ड में उछाले और जो व्यक्ति गेंद को उछालता है उसको और जो व्यक्ति गेंद को उछालता है उसको बाईबल कहानी में आगे क्या है बताना होगा! गुब्बारे का प्रयोग इस खेल को रोचक बना देगा।
- **टाईमर:** घड़ी का प्रयोग करे, कोई गिनती करे या और टाईमर देखें कि दिये गए समय में झुण्ड बाईबल कहानी कितनी सुनाता है।
- **गाँठ बाँधकर झालर बनाना:** 5 मीटर रस्सी लेकर उसे गाँठ बाँधकर घेरा बनाए। बच्चों को रस्सी पकड़ने को कहें। आप की आज्ञा पर बच्चे रस्सी को घड़ी की तरह घूमाएँ और जब आप रूकने को कहते है तो जिसके हाथ गाँठ पर हो वह बाईबल कहानी के प्रश्न का उत्तर दे या कहानी में आगे क्या हुआ, बताएँ।
- **कहानी पत्ते:** अलग–अलग पत्तों पर बाईबल कहानी के हिस्से लिखे या रेखाचित्र बनाए। कक्षा में उनको भिन्न–भिन्न बच्चों को दो ताकि वह कहानी की पंक्तियों को क्रम में जोड़े। आप उनको निर्धारित समय में करने को या 2 बार या ज़्यादा बार लिखने को दे सकते है और सब झुण्डो में सबसे पहले कौन सा झुण्ड करता है।
- **मयुजिक चेयर/संगीत कुर्सियाँ:** कुरसियों को घेरे में जितने व्यक्ति झुण्ड में है उससे एक कम लगाए। जब संगीत बजता है तो लोग कुर्सियों के चारों तरफ घुमे। जब संगीत बंद हो हर एक कुर्सी पर बैठे। जो खड़ा रहे वह कहानी का अगला भाग बताएँ। कहानी पूरा होने तक ऐसा ही करें।
- **डाईस खेल:** हर एक छोटा झुण्ड घेरे में बैठे और उन्हें एक डाईस दिया जाएँ। पहला बच्चा डाईस को फेकें और यदि 2,3,4 या 5 नबंर आता है, वो कहानी में पहली घटना क्या हुई, बता सकता है। यदि वह एक ही नबंर लेता है तो वह छोड़ दे और अगला व्यक्ति बताए कि क्या हुआ था। यदि वह 6 नबंर लेता है तो यह दोबारा होगा और दूसरी तरफ का व्यक्ति बताएगा कि कहानी में आगे क्या हुआ है। जब तक कहानी पूरी न बताई जा सके बच्चें के साथ लगातार खेले।

कला

- **ग्राफिटी वाल/दीवारः** समूह में बच्चों को वह शब्द लिखने या रेखा चित्र खींचने को कहे जो कहानी बताते है।
- **व्यक्तिगत रेखा चित्रः** बच्चे एक रंग के साथ कहानी का जो भाग उन्हें पंसद हो उसकी तस्वीर बनाएँ।
- **टीशर्ट डिजाईनः** हर एक बच्चे की टी शर्ट के आगेके हिस्से पर जो कहानी का बड़ा भाग बताए डिजाईन करने को दे।
- **पाईप साफ करने वाला/मिट्टी के साथ खेलनाः** इन वस्तुओं का प्रयोग कहानी को दोबारा बताने के लिए करें।
- **बिलबोर्डः** बाईबल कहानी की सड़क का बिलबोर्ड का नकशा, बनाए या आप देखे कि कैसे आप अपने आप को इसके साथ जोड़ते है।
- **तस्वीर बनानाः** कहानी के विभिन्न भाग दिए जाए और वह व्यकित तब तक रेखा चित्र बनाए जब कोई उसका अनुमान ना लगा ले कि वह क्या है।

नाटक

- इसका अभिनय करेःझुण्ड में बच्चों को कहानी के भिन्न–भिन्न भाग करने को दें। उन को अभ्यास करने दे और फिर बारी बारी झुण्ड के सामने पेश करें।
- **किडस सटोरी बोर्डः** कपड़े के विभिन्न पात्रों का प्रयोग करें और बच्चों से कहें कि वह स्टोरीबोर्ड पर आ कर चिपकाकर कहानी बताएँ।
- **शब्दों का अनुमान लगाने बाली पहेलियाँः** बिना शब्दों का प्रयोग किए बच्चे विभिन्न दुश्य पेश करें और देखेनेवालों को अनुमान लगाने दे कि वह कहानी का कौन सा भाग कर रहे है।
- **बाईबल की कहानी** दोबारा पढ़े और ध्वनि के विभिन्न प्रभाव और/या शब्दों के लिए चलचित्र या क्रियाएँ जो कहानी में बार–बार आते है।
- **वस्तुएँ (गुलूबन्द, रस्सी)** देखें कि वह कितनी वस्तुओं का प्रयोग कहानी बताने के लिए कर सकते है। आप हर एक झुण्ड को कहानी बताने के लिए तीन अलग–अलग वस्तुओं को प्रयोग के लिए दे सकते है।
- **चलचित्रः** कहानी का हर एक भाग बताने के लिए विभिन्न चलचित्रों का प्रयोग करें। आप हर एक बच्चे को या छोटे झुण्ड को एक चलचित्र करने को दे सकते है और उस कहानी में आने वाले चलचित्रों का प्रदर्शन करने की आवश्यक्ता है।
- **हयूमन स्लाईड शोः** परदे के लिए प्रयोग करने के लिए एक बड़ा कपड़ा ले। दो बच्चे इसको ऊपर पकड़कर रखेंगे और जब आप कहेंगे, तो गिरा देंगे। बहुत बच्चों को कहानी के पात्रों के रूप में ले। हर कहानी के भाग के लिए जब परदा ऊपर हो, बच्चों से कहें कि वह कहानी के भाग अनुसार दृश्य की स्थिति में खड़े हो जाएँ। उनको उस सथान पर सही ढंग से खड़े रहना है फिर कपड़ा गिरा दे ताकि बाकी झुण्ड इसे देख सके। हर दृश्य में जैसा आप बताते है उस के अनुसार बदल ले।
- **कठपुतलीः** कहानी को बताने के लिए जुराबें, पेपर प्लेट, पेपर कप और लाठी का प्रयोग कर कठपुतली बनाएँ और दोबारा कहानी बताने के लिए चिपकाए।

संगीत

- **रैप समीक्षाः** बच्चों को कहानी की मुख्य घटना पर रैप बनाने दे।
- **मशहूर गाने को नए शब्द देंः** बच्चों के किसी मशहूर गीत को ले और उसें कहानी के शब्दों में बदलकर बाईबल की कहानी को बताएँ।
- **तालः** झुण्ड को ताल के साथ आने दे फिर ताल बजाकर कहानी को बताएँ।
- **नाचः** नृत्य तैयार करे जो कहानी बता सकें। साथ में संगीत को बजाएँ।

लिखना

- **कहानी पुस्तकः** बच्चा तस्वीरों और शब्दों को जो कहानी पुस्तक के तरीके से है के द्वारा कहानी बता सकता है।
- **साधारण ढंगः** बच्चों को अवसर दे कि वह शान्त बैठकर कहानी में क्या था और उसका क्या अर्थ है लिखे।
